हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 30 मार्च 2024

06 जनशिक्षक को ग्रामीणों ने दी विदाई



08 आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए ...





**लोक सभा क्षेत्र**
**सतना**
**1 भाजपा प्रत्याशी** गणेश सिंह
**2 कांग्रेस प्रत्याशी** सिद्धार्थ कुशवाहा
**पिछली बार कौन जीता**
गणेश सिंह
**जीत का अंतर**
2 लाख 31 हजार, 473

## क्या रहेंगे मुद्दे?

सतना ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रीय के साथ प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में असर डालते हैं। भाजपा यहां मोदी लहर पर सवार है, लेकिन सांसद गणेश सिंह से नाराजगी भी मुद्दा है। व्यक्तिगत नाराजगी के कारण ही वे विधानसभा का चुनाव हार गए। सतना में जातीय समीकरण भी मुद्दों की तरह काम करते हैं। कई समाजों की दूसरे समाजों से नहीं बनती। इसकी वजह से एक समाज एक जगह जाता है तो प्रतिद्वंद्वी समाज दूसरे दल की ओर रुख कर लेता है। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों के बूते वोट मांगेगी और कांग्रेस उनकी नाकामियां गिनाएगी। कांग्रेस की अपनी गारंटियां भी चुनाव का मुद्दा हैं।

### गणेश-सिद्धार्थ आमने-सामने, नारायण बिगाड़ेंगे खेल, एक बार त्रिकोणीय मुकाबले में बाजी मार चुकी है बसपा

# विंध्य की सतना सीट पर तीन महाबलियों में मुकाबला

*विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंचल के तीन महाबली भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी मैदान में उतर चुके हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। वे दोनों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए अभी से यह कहना कठिन है कि पलड़ा किसका भारी है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट के लिए 1996 में हुआ चुनाव भुलाया नहीं जा सकता। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने यहां से सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव यादगार इसलिए है क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद अपने सांसद गणेश सिंह पर फिर भरोसा किया है और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरा कर विधायक बने सिद्धार्थ को ही उनके मुकाबले खड़ा किया है। बता दें कि सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। बसपा की ओर से मैदान में हैं मैहर क्षेत्र से 4 बार विधायक रहे नारायण त्रिपाठी। क्षेत्र में ब्राह्मणों की तादाद सर्वाधिक लगभग साढ़े 5 लाख है। बसपा का अपना वोट बैंक है ही। इनकी दम पर नारायण भी जीत की उम्मीद कर रहे हैं। इसी आधार पर सतना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। गणेश सिंह मोदी लहर के भरोसे जीतने का दावा करते हैं, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। गांव- गांव फैला कुशवाहा समाज का वोट उनकी ताकत है। बसपा के नारायण दल बदल में अव्वल हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ उनकी ताकत बन सकती है।



गणेश सिंह



सिद्धार्थ कुशवाहा



नारायण त्रिपाठी

### विधानसभा के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी

विधानसभा चुनाव में मिली सीटें और वोटों के लिहाज से सतना में भाजपा का पलड़ा भारी है। क्षेत्र की दो सीटों सतना और अमरपाटन में ही कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष पांच सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस से खुद सिद्धार्थ सतना से विधायक हैं और दूसरे अमरपाटन से पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार सिंह। कांग्रेस का दोनों सीटों में जीत का अंतर 10 हजार 531 वोटों का ही रहा, जबकि भाजपा ने पांचों सीटें 1 लाख, 4 हजार 74 वोटों के अंतर से जीती हैं। इस तरह भाजपा को विधानसभा चुनाव में ही लगभग 95 हजार वोटों की बढ़त हासिल है। सतना भाजपा के गढ़ के रूप में भी तब्दील है। 1998, 1999 के दो चुनाव रामानंद सिंह जीते और चार बार से गणेश सिंह सांसद हैं।

### सतना जिले को मिला कर बनी लोस सीट

सतना लोकसभा सीट में कोई मिलावट नहीं है। जिले की सभी सात विधानसभा सीटें इसके तहत आती हैं। ये सीटे हैं चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान। कोई दूसरा जिला इसमें शामिल नहीं है। क्षेत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र सिंह भी ताकतवर हैं। अजय सिंह 2014 में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग 8 हजार वोटों के अंतर से ही हारे थे। उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह भी यहां से सांसद रहे हैं। इस नाते उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद क्षेत्र में है। यदि सिद्धार्थ को अजय सिंह और राजेंद्र कुमार सिंह का साथ मिल जाए तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### ब्राह्मण ज्यादा, पिछड़ा वर्ग भी कम नहीं

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा लगभग साढ़े 5 लाख के आसपास है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण त्रिपाठी को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर लगभग डेढ़ -डेढ़ लाख पटेल और कुशवाहा समाज के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के पास जाना तय है। इनके अलावा पिछड़े वर्ग की अन्य जातियां भी काफी तादाद में हैं। इनका भाजपा और कांग्रेस के बीच बंटवारा हो सकता है।

---

**खबर संक्षेप**

### बंद रहेंगी जिलेभर की शराब दुकानें

**विदिशा।** शनिवार को रंगपंचमी के अवसर पर जिले की सभी शराब दुकानें बंद रखने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। आबकारी अधिकारी विनय कुमार रंगशाही ने बताया कि जिले की 73 कम्पोजिट मदिरा दुकानें आज शाम 4 बजे तक बंद रखी जाएंगी। हॉट बामोरीशाला की शराब दुकान पूरे दिन बंद रहेगी। यदि कोई शराब ठेकेदार नियम विरुद्ध दुकान खोलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

### 5 केंद्रों का संचालन दिव्यांगजन करेंगे

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि लोकसभा चुनाव में जिले की पांचों विधानसभाओं के एक-एक मतदान केन्द्र का संचालन दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा। निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप उक्त प्रयोग जिले में किया जा रहा है। इसके लिए नियमानुसार दिव्यांग मतदानकर्मियों का चिन्हांकन कर उन्हें संबंधित मतदान केंद्र पर मतदान कराने की जबावदेंही सौंपी जाएगी।

### वन विभाग की कार्रवाई में 7 बाइक सहित इमारती लकड़ी जब्त

**लटेरी।** लटेरी वन विभाग द्वारा दरम्यानी रात में गस्त के दौरान वन विभाग के द्वारा अलग-अलग दल बनाकर जंगल में कार्रवाई की गई। गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर लटेरी के चमरा कुंडल के जंगल में तीन बाइक सहित 22 नग लकड़ी एवं चोपड़ा के जंगल में आमझिर के पास से 35 नग सागौन की लकड़ी सहित 4 बाइक जब्त की हैं। लकड़ी की कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

### मतदाता जागरुकता साइकिल रैली 31 को

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन में जिले के सभी मतदाता अपने-अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करें। ताकि विदिशा जिला मतदान प्रतिशत के मामले में अव्वल रहे। जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यक्रम शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत रविवार 31 मार्च को साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। सभी अधिकारी, कर्मचारी भी साइकिल रैली में शामिल होकर मतदाता जागरूकता का संदेश देंगे। 31 मार्च सुबह 7.30 बजे से साइकिल रैली एसएटीआई से शुरू होगी।

---

### दो माह बाद बेतवा के 2 घाटों के सैंपल की रिपोर्ट सौंपी गई


# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में बेतवा स्वच्छ, नालों के मिलने से किया इनकार

जीवनदायिनी बेतवा की दुर्दशा कैसी है यह बात किसी से छिपी नहीं है। शहर के बड़े बड़े नाले बेतवा में सीधे मिल रहे हैं। लेकिन चौकाने वाली बात यह है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दो माह बाद बेतवा के दो घाटों की रिपोर्ट दी है उसमें न तो बेतवा प्रदूषित है और न ही उसमें गंदे नाले मिल रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर की जीवनदायिनी बेतवा में बढ़ रहा प्रदूषण किसी से छिपा नहीं है। बेतवा अपनी दुर्दशा की दांस्ता खुद ही बयां कर रही है। बावजूद इसके प्रदेश का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपनी रिपोर्ट में बेतवा नदी को प्रदूषण सहित और स्वच्छ बता रहा है।

हाल ही में प्राप्त मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार बेतवा नदी किसी भी तरह से प्रदूषित नहीं है न ही उसमें कोई गंदा नाला मिलता है और न ही उसमें मानव मलमूत्र का क्वालिफार्म बैक्टीरिया मौजूद है। पर्यावरण मित्र नीरज चौरसिया ने बताया की जनवरी माह में बेतवा घाट के रामघाट, चोर घाट का नाला एवं हनुमान घाट के जल के नमूने मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिये थे। वैज्ञानिक राजौरिया द्वारा जल के नमूने एकत्र किए कर मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लैब में परीक्षण कराया था। दो माह के बाद बेतवा नदी के उक्त घाटों के सैंपल में से सिर्फ दो घाटों की रिपोर्ट दी गई है। इस रिपोर्ट में चोर घाट नाले का मुहाना जहां वह बेतवा में मिलता है की सैंपल रिपोर्ट नहीं दी गई। पर्यावरण मित्र नीरज चौरसिया ने बताया की उपरोक्त रिपोर्ट को देखकर यह प्रतीत होता है की मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसा जिम्मेदार विभाग हमारी जीवनदायिनी नदियों को लेकर कितने लापरवाह हैं। उन्होंने कहा की इस रिपोर्ट पर हम विशेषज्ञों की सलाह मशवरा कर निजी लैबोरेट्री में जांच कराएंगे। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं उनके अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी।



विदिशा। बेतवा नदी में शहर के गंदे नाले मिलने के कारण इसका पानी बदबूदार है। नदी में काई जलकुंभी जम चुकी है।

### थर्ड जेंडर को भी मतदान करने किया प्रेरित

**विदिशा।** जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विदिशा के थर्ड जेंडर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए अभिप्रेरित किया गया, साथ ही उनसे आव्हान किया गया कि वह डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं से भी मतदान करने का आव्हान करें। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन एवं नगर पालिका से नेहा करकरे ने थर्ड जेंडर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। थर्ड जेंडर मतदाताओं ने भी 7 मई को मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश थर्ड जेंडर मतदाताओं ने जिले के समस्त मतदाताओं को दिया है।

### जिले के 110 पिंक बूथ महिलाएं करेंगी संचालित

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में जिले की पांचों विधानसभाओं में 110 पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इन सभी मतदान केन्द्रो का शत प्रतिशत संचालन महिला मतदानकर्मियों के द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि सर्वाधिक पचास पिंक बूथ विदिशा विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाएंगे। जबकि बासौदा एवं सिरोंज में 25-25, कुरवाई में सात और शमशाबाद में तीन पिंक बूथ बनाए जाएंगे। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि जिले की तीन विधानसभाओं में सहायक मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। ऐसे मतदान केन्द्र जहां 1500 से अधिक मतदाता है वहां सहायक मतदान केन्द्र बनाने का प्रावधान है।

### आसमान में छाए बादल, मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना

**विदिशा।** मौसम के मिजाज में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। जिसके चलते तापमान में लगातार उछाल आ रहा है। लेकिन शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छा रहे हैं। जिसके चलते धूप छाव जैसी स्थिति बन हुई है। वहीं गुरुवार को उच्चतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज शुक्रवार को उच्चतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों की माने तो इस समय पश्चिमी विक्षोभ का असर है। इसके कारण बादलों की स्थिति बन रही है। गर्म हवा आने से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं आज और कल आसमान में घने बादल देखने को मिलेंगे। इस दौरान तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बन रही है।

### 66 हजार की शराब जब्त

**विदिशा।** सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में अवैध शराब की धरपकड़ की जा रही है। सिरोंज क्षेत्र के ग्राम बरेज, सालपुर, पुरा वरेज, इकलोद, जगथर, गोपाल नगर, वजीरपुर एवं झागर में दबिश देकर कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण कायम कर विदेशी मदिरा पावर व्हिस्की के 92 पाव एवं 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 450 किलो महुआ लहान जब्त कर आरोपियों कार्रवाई की गई है। जब्त शराब का बाजार मूल्य 66 हजार 200 रुपए के लगभग आंकलित किया गया है। इस कार्यवाही में जिला आबकारी स्टाफ एवं नगर सैनिकों की सराहनीय भूमिका रही।

### अशोकनगर रोड पर वाहनों की जांच की गई

# 54 वाहनों से चालान वसूली, 6 जब्त किए



विदिशा। लोडिंग वाहनों का उपयोग सवारी वाहन के रूप में करने पर की कार्रवाई।

**54 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए, 90 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने शुक्रवार को अशोकनगर रोड पर वाहनों की जांच की। नियम विरुद्ध चल रहे वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि 60 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने पर चलानी कार्रवाई की जाकर उनमें से 54 वाहनों से शमन शुल्क 92 हजार 250 रुपए वसूल किया गया। शेष 6 वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना करारिया में खड़ा कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि रंगपंचमी उत्सव पर आयोजित होने वाले करीला मेला में नियम विरुद्ध जाने वाले वाहनों की चेकिंग के निर्देश मिले थे। इस दौरान वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी, लोडिंग वाहनों में सवारी ढोने, वाहनों में वैध प्रपत्र न होने, ओवरलोड वाहन, नियमानुसार नंबर प्लेट लगी न होने व अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्रवाई की गई है।

### चुनावी तैयारियों को लेकर प्रशासन कर रहा रूपरेखा तैयार

# 959 मतदान केंद्रों पर सिर्फ पुरुष मतदानकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत विदिशा जिले के कुल 1341 मतदान केन्द्रो में से 959 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने पुरुष मतदानकर्मी नियुक्त किए जाएंगे।

हरेक मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी के द्वारा मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक, दो, तीन का दायित्व पुरुष मतदानकर्मियों के द्वारा निर्वहन किया जाएगा। विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के कुल मतदान केन्द्रों में से विधानसभावार ऐसे मतदान केन्द्र जहां पुरुष मतदानकर्मी निर्वाचन कार्यों के तहत मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। विदिशा विधानसभा क्षेत्र में 117 मतदान केन्द्र है। इसी प्रकार बासौदा में 178 मतदान केन्द्र, कुरवाई में 264, सिरोंज में 177 तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 223 मतदान केन्द्रों पर पुरुष मतदानकर्मियों के द्वारा निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन किया जाएगा।

### जिले के 267 मतदान केंद्रों पर महिला एवं पुरुष मतदानकर्मी नियुक्त होंगे

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विदिशा जिले के 267 मतदान केन्द्रों पर महिला और पुरुष मतदानकर्मियों के द्वारा संयुक्त रूप से मतदान प्रक्रिया मतदान तिथि सात मई को संपन्न कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि ऐसे मतदान केन्द्र जहां महिला और पुरुष के द्वारा मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराया जाएगा। उन मतदान केन्द्रों पर दो पुरुष मतदानकर्मी पीठासीन अधिकारी और मतदान दल अधिकारी क्रमांक एक नियुक्त किए जाएंगे। जबकि दो महिला मतदानकर्मी भी नियुक्त किए जाएंगे, जो मतदान दल अधिकारी क्रमांक दो और मतदान दल अधिकारी क्रमांक तीन के निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि महिला और पुरुष के द्वारा संयुक्त रूप से मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के दायित्वों तहत सर्वाधिक विदिशा विधानसभा क्षेत्र में 108 मतदान केन्द्र चिन्हित किए गए हैं। जबकि बासौदा में 58, कुरवाई में 24, सिरोंज में 51 और शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 26 मतदान केन्द्रों पर महिला व पुरुष के द्वारा मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जाएगा।

# युवाओं की बदलती सोच दिखाती है नूपुर की शॉर्ट फिल्म ये न्यू इंडिया है

### 29 मार्च से जियो सिनेमा पर प्रसारित होगी फिल्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किसी भी समाज या देश में वहां के युवाओं की बदलती सोच और उस समाज या उस देश में आने वाले बदलावों का संकेत माना जाता है।



कुछ ऐसे ही युवाओं की बदलती सोच की कहानियां हमें देखने को मिलेंगी। जियो सिनेमा पर प्रसारित होने वाली हिन्दी शॉर्ट फिल्म 'ये न्यू इंडिया है' में। विदिशा निवासी नूपुर श्रीवास्तव ने इस हिन्दी शॉर्ट फिल्म का निर्माण किया है। नूपुर ने बताया कि ये हमारे देश की पहली ऐसी शॉर्ट फिल्म है जिसमें तीन अलग अलग कहानियां हमें देखने को मिलेंगी। फिल्म में तीनों कहानियां एक दूसरे से अलग होने के बावजूद अपने विषयवस्तु के कारण एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। पहली बार किसी शॉर्ट फिल्म में सूत्रधार (नेरेटर) हमें देखने को मिलेगा, जिसकी भूमिका निभाई है प्रसिद्ध अभिनेता अखिलेन्द्र मिश्रा ने। करीब 22 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म में समकालीन विषयों को उठाया गया है। पहली कहानी का शीर्षक है पहनावा, जो समाज में पहनावे को लेकर होने वाले विवादों पर आधारित है। दूसरी कहानी है आवाज़, जिसमें धर्म के नाम पर समाज में बढ़ते विद्वेष का मुद्दा उठाया गया है और तीसरी कहानी है निकाह। जिसमें निकाह या शादी के नाम पर होने वाली लड़कियों की सौदेबाजी की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में अखिलेन्द्र मिश्रा के अलावा रघुवीर यादव, उत्कर्षा नाईक, पीयूष सुहाने और कुलदीप सरीन जैसे मंझे हुए कलाकारों ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### अभद्र वीडियो शेयर करने पर मामला दर्ज

**गंजबासौदा।** फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी वाला वीडियो शेयर करने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की शिकायत पर एक युवक पर मामला दर्ज किया गया है। भाजपा नेता प्रभात शर्मा ने बताया कि शहर के एक युवक द्वारा फेसबुक पर प्रधानमंत्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो शेयर किया गया था। इसकी शिकायत पुलिस थाने में की गई थी। सिटी पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद हनुमान चौक निवासी अभिषेक बैसाखिया नामक युवक पर धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वीडियो के शेयर लिंक की भी जांच की जा रही है। जांच के बाद और भी कार्रवाई हो सकती है। वहीं भाजपा नेताओं ने अभद्र टिप्पणी का वीडियो शेयर करने वाले युवक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग भी की है।

### नाबालिग को परिजनों को सुपुर्द किया




**गंजबासौदा।** देहात थाना पुलिस द्वारा नाबालिग अपहर्ता बालिका की रिपोर्ट के 1 घंटे के अंदर खोजबीन करने में सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाने पर अपहृता नाबालिग बालिका के पिता द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के बिना बताये कहीं चले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसमें एक विशेष टीम को लगाया गया था। जिसने सफलता प्राप्त करते हुए नाबालिग बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त कार्रवाई में हरिकिशन लोहिया, गौरव वाजपेई, दिव्या पारासर, प्रगति नगायच, भूपेन्द्र, प्रमेन्द्र नामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गर्मी का प्रकोप तेज होते ही देशी फ्रिज की मांग बढ़ी ...



**गंजबासौदा।** इलाके भर में विगत तीन दिनों से तापमान में वृद्धि हुई है जिससे लोगों को गर्मी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के चलते मटकों की मांग भी बढ़ गई है।

### खेतों में पककर व कटी हुई पड़ी हैं रबी फसलें, किसानों के माथे पर उभरी चिंता की लकीरें

# मौसम में आया अचानक बदलाव शाम को चली धूल भरी आंधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक बार फिर मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। तीन दिन से तेज धूप निकलने के बाद शुक्रवार को दोपहर के बाद मौसम में बदलाव आया और तेज हवा के साथ आसमान में गहरे बादल छा गए। कुछ देर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में चली आंधी से सड़कों एवं लोगों के घरों की छतों पर पेड़ पौधों की पत्तियां और कूड़ा ,करकट नजर आया। इसी के साथ कहीं कहीं मामूली बूंदाबांदी भी हुई। हांलाकि कुछ देर बाद मौसम साफ हो गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक एक बार फिर आसमान पर बादल गहरा गए हैं और बिजली की चमक जारी है। इससे किसान रात में बारिश होने की संभावना से चिंतित हो रहे हैं।





उल्लेखनीय है कि इलाके में रबी सीजन की चना, मसूर, तेवडा बटरा, सरसों की फसल की अधिकांशतः कटाई एवं गहाई हो चुकी है। जबकि देर से बोवनी वाली फसलों की कटाई एवं गहाई चल रही है। वहीं गेहूं की फसल भी इन दिनों खेतों में पककर कटाई के इंतजार में खडी है। ऐसे में अचानक से मौसम में आए बदलाव से किसानों में घबराहट एवं चिंता बढ गई है।

शुक्रवार को दोपहर तक मौसम एकदम साफ रहा और तेज धूप पडती रही, लेकिन इसके बाद अचानक से तेज हवाओं के साथ आसमान पर गहरे बादल छा गए। तेज आंधी और उसके साथ मामूली बूंदाबांदी का दौर कुछ देर चला और उसके बाद मौसम साफ हो गया। किसानों का कहना था कि यदि बादलों से तेज बारिश हो जाती तो उन्हें काफी नुकसान उठाना पडता। वहीं बिगड़ते मौसम को देखते हुए कुछ किसानों ने फसलों की थ्रेसिंग एवं हार्वेस्टर से कटाई तेज कर दी थी। दूसरी ओर खबर लिखे जाने तक एक बार फिर मौसम के तेवर बदल गए हैं और तेज आंधी के साथ बादल छाने के साथ बिजली भी चमक रही है। जिससे किसानों की चिंता फिर बढ गई है। उधर मौसम विभाग की बेवसाइट ने इलाके में आगामी 48 घण्टों में इलाके में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।

## पुलिस ने फरार आरोपी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस को अवैध शराब के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु लगाया गया था। जिस पर गत दिवस मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जोगी किरोंदा में जितेन्द्र उर्फ जित्तू कुशवाह के घर के सामने बने टपरे के पास अवैध शराब रखी है। पुलिस मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंची और वहां देखा तो जित्तू कुशवाह के घर सामने बने टपरे के पास कुल 7 नग खाखी रंग की पेटी जिसमें देशी लाल मदिरा भरी हुई थी। जिसमें से दो कार्टून फटे हुए थे। आरोपी मौके से फरार हो गए थे, मौके पर अवैध शराब को जब्त कर थाने लेकर आए तथा आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध का विवेचना में लिया गया। मामले में टपरा मालिक आरोपी सूरज बाल्मिक को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके द्वारा बताया गया कि उसके टपरे में आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू कुशवाह के द्वारा शराब रखी गई थी। इस संबंध में विगत रात्रि को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि आरोपी जित्तू कुशवाहा गुरोद चौराहे पर है, जिसके पास हथियार हैं। सूचना मिलने के तत्काल बाद रात्रि में टीम भेजकर आरोपी जित्तू कुशवाहा को एक अवैध चाकू रखे हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## होली, रंग पंचमी मिलन समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शुक्रवार को त्योंदा में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल द्वारा होली, रंग पंचमी समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, गोविंद पटेल, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश दुबे, मंडल अध्यक्ष मुकेश मीणा सहित क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान होली उत्सव पर रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं एवं होली उत्सव चल समारोह निकाला गया।

## विधायक निधि से बना प्रतीक्षालय गिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

ग्राम रसुलपुर के पास विधायक निधि द्वारा बनवाया गया यात्री प्रतीक्षालय देखरेख के अभाव में तेज हवा के चलते सड़क किनारे गिर गया। जिससे ग्रामीण यात्रियों को यात्री प्रतीक्षालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने यात्री प्रतीक्षालय को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को पुराना मेला ग्राउंड स्थित महावीर धर्मशाला में विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी धर्मरक्षा निधि, रामोत्सव, बाबा साहब भीमराव राम अंबेडकर जयंती, दुर्गाष्टमी, सीतानवमी, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी एवं परिषद शिक्षा वर्ग आदि पर विस्तार से चर्चा कर कार्ययोजना बनाई गई।

जिलाध्यक्ष संदीप नेमा ने कहा कि यह वर्ष संगठन का षष्ठी पूर्ति वर्ष है 60 साल के इस सफर में विहिप ने कार्य के आधार पर अपनी पहचान बनाई है। निधि समर्पण और अक्षत वितरण अभियान के समय हमने हर हिंदू परिवार से संपर्क किया। इस वर्ष हमारी हर गांव में समिति हो ऐसा प्रयास करना है। जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने पूर्व कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्यों का लक्ष्य सभी 10 प्रखंडों को तय कराया। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व पर शत प्रतिशत मतदान हो मतदान राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर हो ऐसा आग्रह किया। इस अवसर पर मातृशक्ति की विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा, जिला संयोजिका स्वदेश छावड़ा, जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख लक्ष्मी नारायण शास्त्री, जिला समरसता प्रमुख दिलीप देसाई, जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर, जिला धर्म प्रसार प्रमुख अर्जुन राठौर, नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, नगर मंत्री संजय सिलावट, नगर संयोजक भजन प्रजापति, नरेश राजपूत, अंकित विश्वकर्मा, रामराज झा सहित अनेक विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## गौमाता के रथ के साथ निकली पदयात्रा

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शाम के समय सेन समाज धर्मशाला से गौ यात्रा भजन कीर्तन करते हुए जय स्तंभ चौक से होती हुई गौ माता के रथ के साथ पदयात्रा करते हुए स्टेशन रोड मील वाली माता मंदिर पहुंची। जहां गौ कथा श्रद्धेय स्वामी गोपाल नंदन सरस्वती महाराज की शिष्या साध्वी सरस्वती के मुखारविंद से एक दिवसीय गौ कथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक भक्तों ने गौ कथा का रसपान किया गौ रक्षा मंच के जिला अध्यक्ष विशाल वैष्णव, मील वाली माता मंदिर के पुजारी अनिल चतुर्वेदी, संतोष शास्त्री, कथा व्यास शंभू कृष्णानंद महाराज, गोपाल सैना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी, दिलीप देसाई, लालू महाराज, अशोक चौरसिया, कवि नीलेश चतुर्वेदी, रामबाबू दुबे, विष्णु प्रसाद शर्मा, संगम गोयल, अनीता महेश्वरी सहित अनेक गौ भक्त उपस्थित थे।



### विदाई समारोह में शिक्षकगण, विद्यार्थी और ग्रामीण हुए शामिल

# जनशिक्षक को ग्रामीणों ने दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिक्षा विभाग मे लंबे समय तक सेवाएं देने वाले 10 साल तक जनशिक्षक का दायित्व निभाकर श्रेष्ठ जनशिक्षक के रूप मे जाने पहचाने वाले राजेश रिछारिया को सेमरी के ग्रामीण जनो ने समारोह पूर्वक विदाई दी। पिछले दस साल से प्राथमिक विद्यालय सेमरी मे गरीब बच्चों को निजी खर्च पर कापी पैन शैक्षिक सामग्री सहित गणवेश देने वाले पूरे गाँव के चहेते शिक्षक को विदा देने बच्चो सहित पालकगण माध्यमिक विद्यालय के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष मे एकत्रित हुए। समारोह की अध्यक्षता कर्मचारी नेता रामबाबू कटियार ने की जबकि मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति एवं पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह लोधी थे। विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार पाराशर, रामकरण सिंह, कप्तान सिंह रघुवंशी थे। कार्यक्रम मे शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी की ओर से सैयद शफाकत हुसैन कादरी, अनूप दुबे, प्रज्ञानंद जाटव, महेन्द्र सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंटकर राजेश रिछारिया का शाल, श्रीफल से सम्मान किया।

इसी प्रकार चौरावर से प्रधानाध्यापक संजीव रघुवंशी, गमोलीखेड़ा से विनोद श्रीवास्तव, मढ़िया सेमरा की और से परसराम दुबे, जितेंद्र यादव ने, नौघई की ओर से प्रमिला रघुवंशी, आंगनबाडी से सलमा बी, रेखा विश्वकर्मा, अंबानगर की ओरर से गोविंद सिंह राजपूत सहित दीपक दुबे, मयंक दुबे, प्रदीप दुबे, विवेक पाठक, विकास रिछारिया, गोपाल सिंह ठाकुर, नंदलाल विश्वकर्मा, हिम्मत सिंह, संदेश मिश्र ने भी पुष्प मालाओं और उपहार देकर रिछारिया का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने किया और आभार महेन्द्र सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम मे बीएसी सुधीर याज्ञनिक के असमय निधन पर उनकी सेवाओं को यादकर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

### कराया जा रहा छिड़काव



गंजबासौदा। गर्मी का प्रकोप तेज होते ही मच्छरों की भरमार देखी जा रही है। सर्वाधिक परेशानी निचली और पाराशरी नदी किनारे की रहवासी बस्तियों में देखी जा रही है। शाम होते ही यहां के लोग मच्छरों से बचने घरों के खिड़की, दरवाजे बंद करने को मजबूर हो जाते हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए नगरपालिका द्वारा समय समय पर नपा की फागिंग मशीन की सहायता से मच्छर मार दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे लोगों को मच्छरों से निजात मिल सके।

## विरोध के बाद भी संचालित हो रही दुकान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेतवा नदी के रिपटा घाट पर इन दिनों एक व्यक्ति द्वारा परचून की दुकान खोल ली गई है। जिसका जागरुक नागरिक, नदी प्रेमी विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद दुकानदार पुलिस प्रशासन के भय से बेखौफ होकर दुकान संचालित कर रहा है। जिससे नदी के रिपटा घाट पर गंदगी और कचरे में बढ़ोत्तरी हुई है। उल्लेखनीय है कि धार्मिक आयोजनों के अवसर माता, बहिनों और महिलाओं की गरिमा को ध्यान में रखकर श्रमदान दल के आग्रह पर नपा द्वारा दो चेंजिंग बॉक्स बेतवा नदी रिपटा घाट पर रखाए गए थे। लेकिन इनमें एक चेजिंग बॉक्स इन दिनों अतिक्रमण का शिकार बन गया है एवं साफ सफाई , पूजन सामग्री, मुण्डन संस्कार सामग्री के लिए कुंड बनाए गए थे। घाट पर श्रमदान दल द्वारा लंबे समय से प्रति रविवार को सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे बेतवा नदी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। लेकिन कुछ समय से एक व्यक्ति द्वारा चेंजिंग रूम पर अवैध रुप से कब्जा कर खाने पीने की सामग्री की दुकान खोल ली गई है। दुकान खोल लेने से साबुन, शैम्पू, चिप्स, डिस्पोजल आदि भी उपलब्ध है। गौर करने वाली बात यह है कि यह सारा कचरा, पॉलिथीन, और झूठन सामग्री सब का सब नदी में ही या नदी किनारे फेंका जा रहा है। नदी के घाटों पर डिस्पोजल, शराब की बाटल आदि दिखाई दे रही हैं। नागरिकों ने नपा एवं प्रशासन से अवैध रुप से कब्जा कर बनाई गई दुकान को शीघ्र हटवाए जाने की मांग की है।

## 'हर क्षेत्र में जल बैंक की जरूरत'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पाठक संघ के तत्वावधान में शहर वाचनालय में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं जल बचाओ एवं जल की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए गए। इसके पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च को आयोजित होने वाला विश्व जल दिवस मीठे पानी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने वाला वार्षिक संयुक्त राष्ट्र दिवस है। इसका उद्देश्य सुरक्षित पानी तक पहुंच के बिना रहने वाले लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। जल की बढ़ती मांग के कारण भूजल पर निर्भरता बढ़ गई है। आज हमें हर क्षेत्र में जल बैंक बनाने की जरूरत है, पिंगले द्वारा जल बचाओ एवं जागरूकता के संबंध में सभी सदस्यों को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गोपाल ठाकुर, उमेश ताम्रकार, गणेश राठौर, बंटी गोस्वामी, कैलाश नेमा, सतीश नामदेव, प्रिंस जैन, आशुतोष शर्मा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## करीला मेला: लाखों की संख्या में श्रद्धालु करेगें माता जानकी के दर्शन

# सज गया मां जानकी का अंगना, आज मैया के दरबार में उमड़ेगा भक्तों का सैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

रंगपंचमी को लेकर धाम करीला में लगने वाला भव्य मेला सजकर पूरी तरह तैयार हो गया। मंदिर परिषर सहित पहाड़ी आर्कषक रंगीन लाईटों से जगमगाने लगी है। जिससे दूर से ही करीला की पहाड़ी पर मेले की भव्यता नजर आने लगी है। मां जानकी के दरबार में तीन दिवसीय मेले की शुरूआत हो होगी। वही आज रंगपंचमी पर लाखों की संख्या में श्रद्वालुं मां जानकी के दर्षन करने के लिए पहुंचेगे। एसडीएम हर्षल चौधरी ने शुक्रवार को मां जानकी धाम करीला पहुचकर पूर्ण हुई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होने अधिकारियो,कर्मचारियो को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि मां जानकी दरबार में दर्षन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेषानिया नही होनी चाहिए।

अशोकनगर एवं विदिषा प्रषासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं जुटाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मेला परिषर में दो हजार से अधिक पुलिस जवानों की व्यवस्था की गई है। इसी तरह बामोरीषाला, दीपनाखेडा, पथरिया, कुरवाई बायपास, नया बस स्टेंड, सहित चौक-चौराहों पर बेरीकेट्स लगाए जाने की व्यवस्थाओं की तैयारी प्रषासन द्वारा पहले से ही कर ली गई थी। वही करीला मेले को लेकर प्रत्येक चौक-चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात किए गए है। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। वहीं आज नगर पालिका द्वारा कुरवाई बायपास तिराहा पर धाम करीला जाने वाले श्रद्वालुओं के लिए पेयजल के लिए टेंट की व्यवस्था की जाएगी।

### मंदिर से जुड़ी एक कथा ऐसी

इस जगह के बारे में स्थानीय लोगों के बीच एक कथा

जानकी मंदिर के बारे में 200 वर्षों पुरानी एक कथा आज भी प्रचलित है। यहां के लोगों का मानना है कि ग्राम दीपनाखेड़ा के महंत तपसी महाराज को एक रात सपना आया कि करीला ग्राम में एक टीले पर स्थित आश्रम है, जिसमें माता जानकी और लवकुश कुछ समय तक रहे थे। यह वाल्मीकि आश्रम वीरान पड़ा है, जिसे जागृत करो। दूसरे दिन सुबह ही महाराज ने करीला पहाड़ी पर देखा तो वहां एक वीरान आश्रम था। वे खुद ही साफ-सफाई में जुट गए और उन्हें देख सैकड़ों लोग इसकी सफाई व्यवस्था में जुट गए। देखते ही देखते आश्रम निखर आया।

### सिर्फ रंगपंचमी पर ही खुलती है गुफा

*यह वह करीला है, जहां पर लक्ष्मण ने माता सीता को छोड़ दिया गया था। उस समय यहां महर्षि वाल्मीकि जी का आश्रम हुआ करता था। इसे मां जानकी के मंदिर के साथ वाल्मीकि आश्रम के नाम से भी जाना जाता है। उस समय पहाड़ी इलाका होने के साथ-साथ घने जंगल थे। उन जंगल में महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में एक गुफा थी, जिसमें सीता जी ने लव कुश को जन्म दिया था। उस गुफा के पास में ही मां जानकी लव कुश और महर्षि बाल्मीकि जी की प्रतिमा है। उस गुफा को सालभर में सिर्फ रंगपंचमी के दिन ही खोली*

### अप्सराओं ने भी किया था नृत्य

*माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि ने लवकुश का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया था। उस समय बधाई गीत गाए गए थे और स्वर्ग से अप्सराएं तक उतर आई थीं। इस खुशी में बेड़िया जाति की हजारों नृत्यांगनाएं भी इस खुशी में जमकर नाची थीं। तभी से यह प्रथा आज तक निभाई जा रही है। माना जाता है कि सीता जी ने उस समय कहा था कि कोई भी सच्चे मन से संतान प्राप्ति की मन्नत मांगेगा तो उसकी यह मन्नत जरूर पूरी होगी। मन्नत पूरी होने के बाद मां जानकी धाम मंदिर पर रंग पंचमी के दिन राई नृत्य कर आते हैं। उस मंदिर पर बधाई डोल भी रखा हुआ है।*

### इस मंदिर में राम नहीं सिर्फ सीता की है मूर्ति

*करीला गांव का जानकी मंदिर दुनिया में खास इसलिए है कि यहां राम के साथ मूर्ति नहीं है। सभी जगह राम मंदिर में तो श्रीरामचंद्रजी के साथ सीतामाता की मूर्ति होती ही है, लेकिन इस मंदिर में खास बात यह है कि यहां सिर्फ और सिर्फ सीता माता की ही मूर्ति स्थापित है।*

## गणेश अथाई पर धूमधाम से मनाया गया फूल डोल महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

गुरुवार को देर शाम श्री कृष्ण संकष्टी चतुर्थी के अवसर पर फूल डोल महोत्सव का आयोजन किया गया। वही गणेष अथाई पर स्थित गणेष मंदिर पर धूम धाम से फूल डोल महोत्सव मनाया गया। जिसमे भगवान श्री गणेश की आरती के साथ भजन और फागो का गायन देर रात तक चलता रहा। जिसमे गायन की मधुरता और थिरकन का आनंद कार्यक्रम को और भी रसमय बना रहे था। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रसादीं वितरण की गई वही कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा फागो का गायन एवं गुलाल से होली खेलकर फूल डोल को आनंद उत्सव के रूप में मनाया गया और देर रात्रि तक खूब नृत्य किया। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकार एवं श्रोता गण उपस्थित रहे।

# हर कंठ को तलाश है पानी की, चाहे वह पशु-पक्षी हो या इंसानः वीरेंद्र पालीवाल

### वरिष्ठ समाजसेवी पालीवाल ने ग्राम के अनेक स्थानों पर रखे जल पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र पालीवाल ने ग्राम मुगलसराय में भीषण गर्मी को देखते हुए ग्राम के अनेको स्थानो पर जल पात्र रखें। उल्लेखनीय है कि श्री पालीवाल हमेषा क्षेत्र में जनहित के कार्य और गरीबो की मदद व सामाजिक कार्यो में अग्रर्णी होकर कार्य करते आए है।

वही उन्होने ग्रामीणो से अपील करते हुए कहा कि आसमान से आग बरसना चालू हो गया है धरती तपने लगी है। हर कण्ठ को तलाश है पानी की, चाहे वह पशु-पक्षी हों या फिर हम इंसान। यह इंसान का ही कर्तव्य है कि वह खुद के लिए जतन तो करे ही, अपने आस-पास के प्राणियों खासकर पशु-पक्षियों के लिए भी सब इंतजाम करे कि कोई भी दाना-पानी के अभाव में दम न तोड़ दे। झुलसाने वाली धूप में कोई पक्षी प्यासा न रहे। इसलिए उन्होने ग्रामीणो से अपने घर की छत व आगंन में एक जलपात्र रखने की अपील की।

## ग्रामीणों की शिकायत मिलते ही एसडीएम हर्षल चौधरी ने पटवारी नीरज जैन के खिलाफ की कार्रवाई

# लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए पटवारी विकास जैन को किया था गिरफ्तार

**दूसरे दिन कुछ ग्रामीण पटवारी विकास जैन के भाई पटवारी नीरज जैन की शिकायत लेकर एसडीएम के पास पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

एक दिन पूर्व लोकायुक्त की टीम ने सिरोंज पहुचकर शिकायतकर्ता राम प्रसाद कुषवाह की शिकायत पर पटवारी विकास जैन को 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकडा था। वही आरोप पटवारी के खिलाफ लोकायुक्त टीम ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज की थी।

जैसे ही पटवारी विकास जैन के रिश्वत लेने का मामला की जानकारी ग्रामीणो को लगी तो अगले ही दिन आरोप पटवारी के भाई पटवारी नीरज जैन के खिलाफ कई ग्रामीण शिकायत करने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी के पास पहुचें। पटवारी नीरज जैन जो कि हल्का क्रमाक 60 में पदस्थ है। उनके विरोध में ग्रामीणजनो ने कई षिकायते तहसीलदार से भी की थी। इसके बाद नीरज जैन के विरोध में ग्राम पंचायत गरेठा के सरंपच प्रतिनिधि हेमन्त सिंह राजपूत ने पटवारी पर 10 हजार रूपये लेने की शिकायत एसडीएम से की। वही उक्त मामला एसडीएम हर्षल चौधरी के संज्ञान में आते ही उन्होने पटवारी नीरज जैन को नोटिस जारी किया है।



### पटवारी विकास जैन पर एफआईआर दर्ज

एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि पटवारी विकास जैन को लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पडका था और उन पर एफआईआर दर्ज हो गई है। इस संबध में हमने कलेक्टर महोदय को पटवारी को सस्पेड करने के लिए पत्र लिखा है जैसे ही कलेक्टर महोदय का आदेष आएगा वैसे ही पटवारी विकास जैन को सस्पेंड कर दिया जाएगा।

### एसडीएम ने किसानों से की अपील

एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसान भाईयो से मीडिया के माध्यम से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी किसान को कोई अधिकारी कर्मचारी परेषान कर रहा है और काम नही कर रहा है तो किसान भाई निडर होकर मुझसे आकर शिकायत करें। कोई भी किसान किसी भी पटवारी या किसी भी कर्मचारी को रिश्वत के नाम पर पैसे न दें। यदि किसी पटवारी या कर्मचारी के खिलाफ पैसे लेने की शिकायत प्राप्त होगी तो तत्काल सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### एसडीएम बोले

पटवारी नीरज जैन की विभागीय षिकायतो की जानकारी भी मिली है। साथ ही शासकीय योजनाओं में भी उनके द्वारा संतोषजनक काम नही किया गया है। सरपंच प्रतिनिधि हेमन्त सिंह राजपूत का षिकायती आवेदन प्राप्त होने के बाद पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का जवाब आने के बाद सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# हिउस के तत्वावधान में निकलेगा चल समारोह

### होली से अधिक रंग पंचमी पर रंग गुलाल खेलने की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

आज बड़ा बाजार से नगर में रंग गुलाल खेलते हुए हिउस के तत्वावधान में चल समारोह निकाला जाएगा। भोपाल नवावी शासन के अधीन से इस क्षेत्र में होली से अधिक रंग पंचमी पर भारी उत्साह उमंग के साथ रंग गुंलाल खेलने की दशकों से परंपरा बनी हुई है। दशकों से हिउस द्वारा रंग पंचमी पर रंग गुलाल खेलते हुए नगर में चल समारोह निकाला जाता है। बड़ा बाजार शक्तिधाम मंदिर के पास से हिउस के सभी पदाधिकारी सदस्य, नगर के गणमान्य नारगरिक व्यापारी एकत्रित होगे। संपूर्ण नगर में भ्रमण के बाद श्री रामलीला मैदान में चल समारोह का समापन होगा। हिउस के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, व्यापार महा संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय इत्यादि ने सभी नगर वासियों से रंग पंचमी के चल समारोह में सम्मिलित होने की अपील की है।

# आबकारी टीम ने जब्त की अवैध शराब, 4 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

फोरलेन 45 के किनारों पर होटल ढाबों की भरमार बनी हुईहै। जहां देशी अग्रेजी शराब वीयर बिकने की व्यापक शिकायतें बनी रहती हैं। रात में फोरलेन किनारे ढाबे मयखानों में तब्दील हो जाते हैं। आबकारी विभाग की टीम ने होटल ढाबों पर छापामार कार्रवाई की। अवैध रूप से शराब बेचने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। नगर एवं क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिकने के समाचार प्रकाशित होते रहते है।

शराब ठेकेदार के व्यवस्थापक द्वारा एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी दिए जाने की थाने पहुंच कर पत्रकारों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। आबकारी विभाग की टीम द्वारा होटल ढाबों एवं अन्य स्थानों पर दबिश देकरा पांच प्रकरण बनाए गए। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा अंग्रेजी शराब के 55 पाव, बीयर की 24 बोतल एवं थेले में रखे 120 पाव मशाला शराब जब्त कर 4 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। फोरलेन के किनारे होटल ढाबों एवं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिकना व्यापाक चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## जिला प्रशासन व नगर-निगम ने की राहतगढ़ ओवरब्रिज के पास सरकारी जमीन से कब्जा हटाने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात में बाधक बन रहे हाथठेला, टपरा एवं गुमठी को हटाने की कार्रवाई की गई तथा उन्हें समझाइश दी गई की मुख्य मार्ग पर हाथठेला, टपरा व गुमठी रखी पाई गई तो अब जप्ती की कार्रवाई की जाएगी । इसी प्रकार कटरा मस्जिद के पास यातायात में बाधक बन रहे लगभग 30 टपरों को 2 दिवस में हटाने के लिए दुकानदारों को समझाइश दी। उसके बाद नगर निगम द्वारा मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधक बन रहे टपरों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए टपरा दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे । जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए राहतगढ़ बस स्टैंड स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे शासकीय भूमि पर लंबे समय से कब्जा को मुक्त कराने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीएम विजय डेहरिया, सीएसपी यश बिजोरिया, टी आई मोतीनगर जसवंत सिंह राजपूत, उपायुक्त एस एस बघेल, नगर निगम अतिक्रमण दल, पुलिस बल उपस्थित था।

## विवाह का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी एक साल तक नाबालिग को झांसे में फंसाये रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

पिछले एक वर्ष से एक नाबालिग से विवाह का झांसा देकर आरोपी दुष्कर्म करता रहा।

जब विवाह करने से मना किया तो पीड़िता के परिजनों के साथ थाने पहुंच कर रिपोर्ट की। उप निरीक्षण नेहा अहिरवार के अनुसार पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता द्वारा परिजनों के साथ थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उससे विवाह का वायदा क अरोपी द्वारा एक वर्ष से गलत काम कर रहा था। लेकिन आरोपी विवाह करने से इनकार कर रहा है। जब पीडिता से गलत काम होता रहा तब वह नाबालिग थी। लेकिन वर्तमान में पीड़िता बालिग हो गई है। 27 मार्च को घटना की रिपोर्ट होते ही तत्काल पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पेयजल और छाया के प्रबंध सुनिश्चित हों : कलेक्टर आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

कलेक्टर आर्य ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को ध्यानगत रखते हुए जिले की सभी आठों विधान सभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसरों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पेयजल, छाया समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि मतदान केन्द्रों पर वोट डालने हेतु पहुंचने वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र-दमोह की अंतर्गत रहली, देवरी, बंडा मे 26 अप्रैल को एवं संसदीय क्षेत्र-05 सागर अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सागर सुर्खी बीना खुरई नरयावली में सात मई 2024 को मतदान होना है। मतदान पूर्व सभी मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग के अनुसारन्यूनतमआवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है।वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु है, मतदान दिवस में अत्याधिक तापमान होने की संभावना है, इसका भी ध्यान रखा जाए। इस हेतु छाया एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए।

# ट्रैक्टर में घुसी बाइक में लगी आग, दो घायल

### फोरलेन-45 पर संकेतकों की अनदेखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

भोपाल जबलपुर फोरलेन 45 हादसों की सड़क बन रही है। फोरलेन से जुडे विभिन्न स्थानों के तिराहो, चौराहो पर संकेतकों, स्पीड ब्रेकर की अनदेखी हादसों का कारणों बन रही है। पिछले महिनों में बारना नदी पुल से भरोडिया खरगौन तक अनेक घटनाएं और जानलेवा दुर्घटनाएं हो चुकी है। सलैया जोड पर एक बाइक ट्रैक्टर में जा घुसी आग लगने से बाइक जलकर नष्ट हो गई। दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायसेन रेफर किया गया।

### तेजी से बढ़ रहीं घटनाएं

बाडी से बरेली की ओर फोरलेन 45 पर बरेली का सबसे लम्बा वायपास है। जिसमें आधा दर्जन के लगभग क्रांसिंग है। फोरलेन से नगर में प्रवेश करने और छींद धाम जाने वाले क्रांसिंग स्थानों पर ही वाहन दुर्घटनाएं हो रही है। अनेक जानलेवा हादसों में लोगों की असमय मृत्यु हो चुकी है।

### छींद जाते समय घटना

सलैया जोड पर बाइक और ट्रेक्टर की टक्कर हुई। बाइक सवार दुर्गेश आदिवासी एवं आकाश आदिवासी छींद धाम दर्शन करने जा रहे थे कि रोड क्रांसिंग के दौरान बाइक ट्रेक्टर में घुस गई। बाइक में आग लगने से पूरी तरह जल गई। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रायसेन रेफर किया गया।

## मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

मंडल स्तरीय होली मिलन समारोह के आयोजन में मप्र सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। होली के पश्चात उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि हमें हमारी विदिशा लोकसभा संसदीय सीट के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ऐतिहासिक मतों से जिताना है और देश में कोई सांसद यदि सर्वाधिक मतों से जीते तो वह नाम और शिवराज सिंह चौहान का होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार और प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव की सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजना चलाकर लोगों को लाभ दे रही है। गरीब और वंचित परिवारों को शासन की योजना का लाभ मिल रहा है। हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि एक-एक मतदाता के घर तक पहुंच कर हमारे प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में वोट डलवाना है और एक ऐतिहासिक विजयश्री का ताज पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पहनना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी सांसद प्रतिनिधि बृजेश लोधी, राजेश जैन, बलवीर सिंह रघुवंशी मंडल अध्यक्ष राजेश यादव महामंत्री रमेश कुशवाहा पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, राजेंद्र मीणा, शैलेंद्र रघुवंशी, युवा मोर्चा महिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, शक्ति केंद्र प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, सहित गंज बासौदा की वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्यारसपुर मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या मौजूद रहे।

# आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



नगर परिषद द्वार नगर में दो बार साफ सफाई और कचरा उठाने की व्यवस्था के बाद भी दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने सड़कों के किनारे जूठन सामग्री और कचरा डाला जाने से कुत्तों एवं मवेशियों के झुण्ड सामग्री के आसपास बने रहने, पैदल चलने वाले राहगीरों पर हमला करने से नहीं चूकते।

नगर की सब्जी मंडी बडा बाजार के साथ पुरानी एचएच 12 की मुख्य सड़क जो नगर के बीचों बीच से निकती है। सड़क के दोनों किनारों पर होटल चाय नास्ते की दुकानों और चाट भंडारों की भरमार बनी हुई है। फुटपाथ राहगीरों को चलने नप द्वारा बनवाया गया, परंतु फुटपाथ पर खाद्य चाट सामग्री बेचने वालों का अतिक्रमण और उनके द्वारा फैकी गई जूठन सामग्री पर कुत्ते और मवेशियों की घेंराबंदी पैदल चलने वालों के लिए भारी परेशानियों एवं जोखिम बना रहता है। नगर में तेजी से कुत्तों की संख्या बढ रही है। प्रत्येक सडक गली मोहल्लों में बढती कुत्तों और मवेशियों की संख्या स्कूली ब'चों के पालकों और निवासियों में भारी चिंता का कारण बन रहा है।

### नियंत्रण के नहीं उपाय

चाट भण्डारों होटलों वालों द्वारा फैली गई सामग्री से सड़कों पर गंदगी बनी रहती है। इसी के साथ कुत्तों एवं मवेशियों की धमाचौकड़ी से खतरा और अधिक बढ़ जाता है। सामग्री फैकने वालों अतिक्रमण करने वालों और मवेशियों की आवारा छोडने वाले पशु पालकों अवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए स्थानीय प्रशासन नपं उदासीन रवैया से मवेशियों से घायल और कुत्तों के काटने की घटनाएं, नगर में तेजी से बढ रही है। सबसे अधिक ब'चों महिलाओं बुजुर्गो को खतरा बना रहतार है।

## राजस्व-पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस

# आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कराते हुए शांति से कराएं निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों की बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन-2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व और पुलिस अधिकारी क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर श्री दुबे ने निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमण करें और आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्यवाही करें। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजनैतिक सभाओं, रैलियों आदि गतिविधियों के लिए नियमानुसार अनुमति दी जाए तथा निर्धारित शर्तो का पालन सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री दुबे ने एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाहियों में तेजी लाते हुए सघन जांच की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने भी पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

रकलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।




### चुनावी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु बनाया कंट्रोल रूम

*लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में कक्ष क्रमांक-48 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07482-299310 है। आमजन की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन शाखा में डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर की स्थापना की गई है, जिसका टोल फ्री नम्बर 18002339272 एवं 1950 है। डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम कक्ष का नोडल अधिकारी जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग चन्द्रप्रकाश सोनी को बनाया है। साथ ही 3 पालियों में अधिकारियों, कर्मचारियों की तत्काल प्रभाव से ड्यूटी लगाई गई है।*

### निर्वाचन पर्चा, पोस्टरों, पेंपलेटों के मुद्रण के लिए मुद्रक, प्रकाशकों को दिशा-निर्देश

*भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की घोषण के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा रायसेन जिले में समस्त प्रिंटिंग प्रेस, ऑफसेट, पब्लिशर्स आदि मुद्रकों और प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127- क के तहत निर्वाचन पर्चा, पोस्टरों, पेम्पलेटों के मुद्रण के लिए मुद्रक, प्रकाशकों को प्रतिबंधित करते हुए आदेश जारी किए गए हैं। जिनके तहत कोई भी ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर अथवा निर्वाचन सामग्री प्रकाशित, मुद्रित नही करेगा। जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम और निर्वाचन पते न हो एवं न ही मुद्रित करने के लिए प्रेरित करेगा एवं प्रसारित करेगा। इसी प्रकार कोई भी मुद्रक, प्रकाशक या व्यक्ति ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर अथवा निर्वाचन सामग्री प्रकाशित, मुद्रित नहीं करेगा। जिसमें उसके प्रकाशक को अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक, प्रकाशक को परिदत्त नही करता है। मुद्रित की जाने वाली अनेकानेक प्रतियों की प्रिंट लाईन में मुद्रक और प्रकाशक के नाम एवं पते स्पष्टतः दर्शाये जाएं तथा संख्या अंकित करना होगी।*

# हलाली डैम मार्ग की रेलिंग टूटी कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

हलाली डैम तक जाने के लिए बेरखेड़ी चौराहा से लेकर हलाली डैम तक कुछ वर्ष पहले रोड का निर्माण हुआ था। खोआ गांव निकलते ही जैसे घाटी चढ़ते हैं इस घाटी पर टूटी फूटी रेलिंग हादसों को दावत दे रही है। बेरखेड़ी चौराहा से कई राहगीर हलाली डैम होते हुए सलूज , खामखेड़ा, पीपल खेड़ी, बेरसिया, सहित लगभग आधा दर्जन गांव के ग्रामीण इसी मार्ग से होते अपने घर तक पहुंचाते हैं। सरकारी छुट्टी होने पर सैलानी छुट्टी मनाने के लिए हलाली डैम पहुंचते हैं। बारिश के समय में हलाली डैम का छारछरा चालू होता है तो हजारों की तादात में सैलानी इसी रोड से होते हुए पहुंचते हैं।

इतना व्यस्ततम रोड होने के बाद भी अधिकारी रेलिंग सही कराने के लिए गंभीर नहीं हैं। जिस तरफ लोहे की रेलिंग टूटी है उस तरफ 50 फीट गहरी खाई है अगर कोई वाहन चालक इस खाई में गिर गया तो उसका बचना नामांकित है।

### मार्ग के एक ओर है गहरी खाई, हादसे का लगा रहता डर

*लोगों ने रेलिंग सही कराने की मांग की है। बेरखेड़ी चौराहा से लेकर हलाली डैम तक मार्ग बनाने के दौरान लोहे की रेलिंग लगाई गई थी ताकि पैदल चलने वाले लोगों, वाहन चलाने वाले रहागीरो को कोई खतरा न हो। कुछ दिन बाद ही घाटी पर लगाई गई लोहे की रेलिंग के नट खुल गए जिससे रेलिंग नीचे गिर गई। कई महीनो से लोहे की रेलिंग उसी जगह नीचे पड़ी हुई है। इससे लोगों को खतरा बना हुआ है। पवन प्रजापति, जितेंद्र मीणा, सुरेंद्र नायक, मनमोहन साहू आदि ग्रामीणों का कहना है कि ज्यादा खतरा घाटी उतरते समय रहता है। जिस तरफ लोहे की रेलिंग नीचे पड़ी है उसके पास ही 50 फीट नीचे गहरी खाई है। रात के अंधेर में घाटी उतरते समय सबसे अधिक खतरा बना रहता है। जल्द की टूटी रेलिंग को ठीक कराया जाएगा।*

# लोकसभा चुनाव व रंगपंचमी को लेकर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिले में मदिरा के अवैध कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमति वंदना पाण्डेय के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा संग्रहण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले मे गठित उडनदस्तो द्वारा आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद 29 मार्च 2024 तक कुल 70 प्रकरणों में देशी, विदेशी तथा हाथ भट्टी मदिरा मात्रा 620 बल्क लीटर एवं लाहन 9600 मात्रा किलो ग्राम जप्त की गई है। जिसका बाजार मूल्य 70 लाख 83 हजार 375 रू है।



सहायक आयुक्त आबकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि रंगपंचमी पर्व पर जिले में शान्ति एवं सौहाद्र वातावरण रहे और अवैध मदिरा का संग्रहण, परिवहन चौर्यनयन एवं विक्रय न हो। साथ ही शुष्क दिवस का कड़ाई से पालन हो, इसके लिए आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है। जिले में लोकसभा निर्वाचन अवधि में आदर्श आचार संहिता का कढ़ाई से पालन कराने के लिए विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# अवैध शराब बेंचने की फिराक में था आरोपी, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिले में नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध रायसेन एसपी विकाश कुमार शाहवाल के दिशा निर्देशन में कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में शुकवार को सलामतपुर पुलिस को सूचना मिली की कोई युवक झोले में अवैध शराब के क्वार्टर भरकर बेसर कालोनी के पास बेचने ला रहा है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के निर्देशन में प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह रघुवंशी और सैनिक संजीव यादव ने बेसर कालोनी के पास से घेराबंदी की और आरोपी हरि सिंह अहिरवार पिता मोहर सिंह अहिरवार उम्र 38 वर्ष निवासी भगवनपुर कालोनी को 27 देसी शराब के क्वार्टर जिनकी कीमत लगभग दो हज़ार सत्तर रुपए के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी के विरुद्ध 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि लोकसभा चुनावों के चलते और नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है। इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है।

## जनपद पंचायत बाड़ी का मामला

# निर्माण शाखा में हुआ भारी भ्रष्टाचार, सत्यापन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

पंचायत बाड़ी की निर्माण शाखा में निर्माण एजेंसी द्वारा बिल वाउचर के रेट देखकर भ्रष्टाचार खुद बोलता है की बातें सामने आ रही है निर्माण एजेंसी बाजार रेट से अधिक भाव में बिल वाउचर का भुगतान कर रहे हैं निर्माण शाखा में बैठे अधिकारी एवं उपयंत्री सहायक यंत्री एवं फील्ड अधिकारी निरीक्षण के नाम पर जो काम का मूल्यांकन कर रहे हैं उसमें कम से अधिक भुगतान का मामला सामने आया है इंजीनियर कार्य आदेश को बगैर पढ़े लिखे की तरह मूल्यांकन करने पर आमादा हो गए हैं।

शासन कार्य आदेश नहीं कई ऐसे निर्माण कार्यों के मूल्यांकन किए गए हैं जो नियमों को शिथिल कर भारी भरकम राशि का भुगतान किया गया है बताया जाता है कि ओपन 3 का मूल्यांकन करने का आधार कमीशन है। जनपद पंचायत में शान जैसा निर्देशों का उल्लंघन कर इंजीनियरों ने नया इतिहास रच दिया है इन इंजीनियरों पर काम से अधिक भुगतान करने शान नियमों का उल्लंघन करने के गंभीर मामले बनते हैं लेकिन भ्रष्टाचार के युग में अधिकारी इन्हें संरक्षण की भूमिका में सहयोग कर रहे हैं।

बताया जाता है कि जिन निर्माण कार्यों में इंजीनियरों ने काम का मूल्यांकन किया है उसे पर इंजीनियरों का बड़ा ही मजाकिया तर्क है सड़क बनी देखी सड़क बनी देखी मूल्यांकन कर दिया इंजीनियरों को इससे भी कोई लेना-देना नहीं है की काम मनरेगा का था तो मजदूर पत्रक कहां है।

### निर्माण शाखा में बैठे अधिकारी लाखों रुपए का कर रहे गोलमाल

*जनपद की निर्माण शाखा में बैठे अधिकारी लाखों रुपए का गोलमाल कर रहे निर्माण शाखा में कागज और न जाए भजन नहीं रखा कागज उड़ गया की चर्चा जोड़ों पर चल रही है लेकिन अभी तक किसी भी इंजीनियर पर भारी भ्रष्टाचार करने के उपरांत भी कोई कार्रवाई नहीं की गई सहायक यंत्री भी इस मामले में भ्रष्टाचार जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बगैर भाव के बगैर ही भारी भरकम बिलों को पास कर रहे निर्माण शाखा में चिन्ह बिलों को पास किया गया है उनकी जांच की जाए तो लाखों रुपए का घोटाला सामने आएगा वर्ष 2022-23 में निर्माण शाखा में भारी भरकम भ्रष्टाचार हुआ है जो जांच का विषय है वर्ष 2023 में निर्माण शाखा में किए गए मूल्यांकन का सत्यापन करने वाले अधिकारियों की सत्यापित कॉपी का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो भारी भरकम भ्रष्टाचार सामने आएगा बताया जाता है कि जनपद कार्यालय बाड़ी में अधिकारियों का नारा है खायो और खाने दो।*

### मामले की जांच करवाता हूं...

जानकारी मिली है इसकी जांच करवाता हूं, अगर कोई दोषी पाया जाता हैं तो मैं उसके खिलाफ कार्रवाई करूंगा ।

**दानिश अहमद**, सीईओ जनपद पंचायत बाड़ी

### भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान रंगपंचमी के जुलूस में होंगे शामिल

**सलामतपुर।** शनिवार को विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान सलामतपुर में 10.30 द्वारकाधीश मंदिर पर होली मिलन और रंगपंचमी के जुलूस में शामिल होंगे। वह भोपाल से सुबह लगभग साढ़े नो बजे रवाना होकर दस बजे दीवानगंज पहुंचेंगे। इसके बाद साढ़े दस बजे सलामतपुर में द्वारकाधीश मंदिर पर पहुंचकर नगर में निकलने वाले रंगपंचमी जुलूस में शामिल होंगे। सलामतपुर के बाद बेसर गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहां पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। सलामतपुर में होने वाले रंगपंचमी व होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दातार सिंह मीणा, शेर सिंह राजपूत, रीतेश अग्रवाल मंडल महामंत्री, संजीव यादव, श्रवण मालवीय, बल्लभ अग्रवाल, रवि अग्रवाल, तोरण सिंह, कप्तान सिंह, झलकन सिंह, थान सिंह, राकेश बिल्लोरे, दिनेश चौरसिया ने अधिक से अधिक ग्रामीणों से अपील की है।

### 'कलचुरी कलार समाज की सनातन धर्म से ही एक महत्वपूर्ण भूमिका हर क्षेत्र में रही है, समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना है'

# कलचुरी कलार समाज की बैठक में शामिल हुई भोपाल की महापौर राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लोकसभा चुनाव में 400 के पार के नारे को सार्थक करने में जुटा भाजपा नेतृत्व प्रत्येक स्तर पर अपनी सक्रियता को बनाए हुए है। प्रत्येक समाज को भाजपा के पक्ष में मतदान करने को लेकर भी तय रणनीति के तहत कार्य किया जा रही है। ताकि विदिशा लोकसभा सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की जा सके।

इसी कड़ी में नगर के विश्वकर्मा गार्डन में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कलचुरी कलार समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भोपाल महापौर मालती राय, विशेष अतिथि लोकसभा विदिशा प्रभारी राजाराम शिवहरे सहित कलचुरी कलार समाज पदाधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश राय ने की।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का सर्वप्रथम हार फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य अतिथि भोपाल महापौर मालती राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी समाज को अब एक जुटता के साथ विदिशा लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को रिकार्ड मतों से विजयी बनाना है। भाजपा ने हमेशा से ही हमारे संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया है आज हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम अधिक से अधिक मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समाज भाइयों से कराना है। आने वाली पीढियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए तमाम नई सोच से ऊपर उठकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे सभी सांसदों को एवं हमारे क्षेत्र से शिवराज सिंह चौहान और हमारे समाज की रिश्तेदारियां अन्य जगहों पर भी हैं उन्हें भी जागृत करना है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश राय ने संबोधित करते हुए कहा कि कलचूरी कलार समाज की सनातन धर्म से ही एक महत्वपूर्ण भूमिका हर क्षेत्र में रही है। हमारे समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों के पास पहुंचकर प्रचार प्रसार करके अपना एक जुटता का परिचय भारतीय जनता पार्टी को देना है। तथा लोकसभा प्रत्याषी श्री चौहान के रिकार्ड मतो से विजयी बनाना है।

कार्यक्रम में यशवंत राय, भगवान दास राय, ओमप्रकाश राय खेरी, बैजनाथ राय साइखेड़ा,कैलाश राय, सुनील राय साइखेड़ा, अमित राय जमुनिया, गुड्डू राय, संतोष रायए मदन रायए अंकित रायए कार्तिक राय एवं बड़ी संख्या में कलचुरी कलार समाज के लोग उपस्थित थे। संचालन मुकेश राय ने तथा आभार संतोष राय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## 200 से अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जनपद पंचायत सांची प्रांगण में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 07 मई को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी बंदु सूर्यवंशी, खंड पंचायत अधिकारी, सहित पंचायत सचिव, रोज़गार सहायक और लगभग 200 अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



**सलामतपुर।** मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को चुनाव के लिए जागरूक करते हुए।

## रोजेदारों द्वारा पांचों वक्त की नवाज अदा कर सजदे में झुकाए जा रहे हैं सिर

# अल्लाह की इबादत में लीन मुस्लिम, समय पर कर रहे रोजा अफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में मुस्लिम समाज के द्वारा बरकतो व रहमतो के माह रमजान में शिद्दत के साथ अल्लाह की इबादत की जा रही है। प्रतिदिन तय समय पर रोजा अफ्तारी व सहरी की जा रही है। रोजेदारो के द्वारा पांचो वक्त की नवाज अदा की जा कर सजदे में सिर झुकाए जा रहे है। नगर में रोजा अफ्तारी की सामग्री वाली दुकाने भी सज गई है जहां पर कि रोजा अफ्तारी में उपयोग की जाने वाली सामग्री फल सहित अन्य सामग्री बिक्रय की जा रही है। जहां पर कि शाम के समय रोजेदार पहुंच कर सामग्री क्रय करते हुए देखे जा रहे है। बड़ो के साथ ही छोटे छोटे बच्चो के द्वारा रोजा रखा जाकर अल्लाह की इबादत की जा रही है।

### तीसरे जुमे को रखा 18 वां रोजा

30 दिन तक चलने वाले माहे रमजान का तीसरा जुमा 29 मार्च शुक्रवार को रहा। तीसरे जुमे को नगर की मसाजिदो में रोजेदारो ने पहुंच कर जुमे की नमाज अदाकर अल्लाह से देश दुनिया में अमनो अमन बना रहे कि कामना की। मसाजिदो में रोजदारो की गहमा बहमी बनी हुई है। रोजेदर अल्लाह की इबादत में लीन है। 29 मार्च को 18 रोजे पूर्ण हो गए है। 18 राजा पूर्ण होने के साथ ही कमोवेष 11 रोजे ही शेष बचते है। संभावना जताई जा रही है कि 9 अप्रैल की रात्रि को चांद के दीदार होते ही 10 अप्रैल की ईद मनाई जाएगी।



### माहे रमजान - खजूर खाने के बाद मुंह से आती है गुलाब की खुशबू

रमजान में बाजार तरह तरह के खजूर की वैराइटी से सज जाते है। आम दिनों की तुलना में खजूर की डिमांड भी बढ़ जाती है सस्ती और महंगी से लेकर हर तरह की वैराइटी रोजों में खूब बिकती है खास बात ये है कि रमजान में शाम को रोजा इफ्तार के दौरान ही नहीं सुबह सहरी के वक्त भी खजूर खाए जाते है रोजे के दौरान खजूर के बहुत सारे फायदे डाक्टर भी हैल्थ की नजर से खजूर के खूब फायदे गिनाते है भारतीय बाजारों में 25 सौ रुपये किलो कीमत वाला अजवा खजूर भी खूब पसंद किया जाता है। दुनियाभर में दो सौ से अधिक किस्म के खजूर पाए जाते है लेकिन उनके यहां 30 से अधिक किस्म के खजूर हैं जो आमतौर पर दुनिया भर में सबसे ज्यादा पसंद किए जाते है। अजवा खजूर लोगो के बीच काफी प्रसिद्ध है। अरब के मदीना से आने वाला यह खजूर स्वाद के साथ ही काफी सेहतमंद और मुलायम होता है। अजवा खजूर अन्य खजूरों के मुकाबले छोटा होता है।

इस खजूर को खाने के बाद मुंह से गुलाब की खुशबू आने लगती है इसके साथ यहां डेगलेट नूर मेडजूल हल्लवी बरही हयानी जैसे तमाम किस्में उपलब्ध हैं जिनकी कीमत 100 रुपए प्रति किलो से लेकर 2500 रुपए प्रति किलो तक हैण। सेहत के लिहाज से भी खजूर बेहद फायदेमंद है। खजूर को व्रत खोलने के लिए हेल्दी ऑप्शन माना जाता है खजूर में नेचुरल स्वीट होती है जो उपवास के बाद तुरंत ऊर्जा देता है। खजूर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी लो है इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स शुगर के मरीज को भी सीमित मात्रा में खजूर दे देते हैं।